संख्या-228 /2026/I/1344766/2026/002/23-6099/48/2024

प्रेषक,

सुबास राम,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियंता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-6 लखनऊ : दिनांक 27 मई, 2026

विषयः- वित्तीय वर्ष 2026-2027 में राज्य योजना (ग्रामीण) के अनुदान सं0-57/83 के अंतर्गत चित्रकूटधाम (बांदा) क्षेत्र के कतिपय जनपदों के 07 सेतुओं के चालू कार्य हेतु धनराशि का आवंटन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कार्यालय प्रमुख अभियंता, (सेतु विंग), लो0नि0वि0, लखनऊ के कतिपय पत्रांक (तालिका के स्तम्भ-2 में अंकित) के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि निम्न विवरणानुसार राज्य योजना (सामान्य) के अनुदान सं0-57/83 के अंतर्गत चित्रकूटधाम (बांदा) क्षेत्र के कतिपय जनपदों के कुल 07 सेतुओं के चालू कार्य हेतु निम्नानुसार रू0 3759.66 लाख (रूपये सैंतीस करोड उन्सठ लाख छियाछठ हजार मात्र) की धनराशि अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :-

(धनराशि रू0 लाख में)

| क्र0 सं0 | कार्यालय मुख्य अभियन्ता (सेतु विंग) का पत्रांक | खण्ड/ जनपद का नाम | कार्य | स्वीकृति का शासनादेश संख्या | स्वीकृत / प्राविधिक/ बचत/ बचत के उपरान्त कार्य की लागत | अब तक आवंटन | अवशेष | आवंटन धनराशि | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | अनुदान सं0-57 | अनुदान सं0-83 | योग (9+10) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 21895/CE-SEB/ RYB/BAN/2026-27 Dt- 22-05-2026 | नि.ख.-2 हमीरपुर | जनपद हमीरपुर में टोला खंगारन से इकठौर सम्पर्क मार्ग के किमी0-3 में पूर्व निर्मित आर0सी0सी0 पुलिया के स्थान पर 2 x(3.00x 3.00) आर0सी0सी0 बॉक्स कल्वर्ट का निर्माण कार्य। | 298/2025/आई/ 1126452/2025/ 23-6099/166/2025 -दिनांक-29 -10-2025 | 65.51<br>65.51<br>5.20<br>60.31 | 57.29 | 3.02 | 2.38 | 0.64 | 3.02 |
| 2 | तदैव | नि.ख.-2 हमीरपुर | जपद हमीरपुर में चन्द्रवारी डांडा से बिलगॉब सम्पर्क मार्ग के किमी0-3 में 2x(4.00 x4.00) आर0सी0सी0 बॉक्स कल्वर्ट का निर्माण कार्य। | 298/2025/आई/ 1126452/2025/ 23-6099/166/2025 -दिनांक-29 -10-2025 | 49.48<br>49.48<br>6.78<br>42.70 | 40.57 | 2.13 | 1.68 | 0.45 | 2.13 |
| 3 | तदैव | नि.ख.-1 महोबा | जनपद महोबा में पहरेथा से रिहुनिया बिहारी मार्ग के किमी0-3 में सिहो नाला पर 4x6 मी० स्पान (ऊँचाई 05 मी0) के लघु सेतु का निर्माण कार्य | 391/2025/आई/ 1184713/2025/ 23-6099/179/2025-दिनांक- 23 -12-2025 | 226.41<br>226.41<br>31.63<br>194.78 | 13.20 | 181.58 | 63.03 | 16.97 | 80.00 |

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | तदैव | नि.ख.-1 बांदा | जनपद बांदा में हस्तम सम्पर्क मार्ग में गड़ा नाला पर संकरी पुलिया के स्थान पर 3x 5x3 बाक्स कल्वर्ट का निर्माण कार्य। | 343/2025/आई/1145178/2025/23-6099/195/2025-दिनांक-**17-11-2025** | 116.99<br>116.99<br>0.27<br>116.72 | 58.50 | 58.22 | 41.27 | 11.11 | 52.38 |
| 5 | तदैव | सेतु निगम बांदा | जनपद बांदा के अन्तर्गत नरैनी रोड से बांदा महोबा रोड तक निर्माणाधीन बाईपास रिंग रोड के किमी0-7 में पड़ने वाले केन नदी पर राजघाट में 4 लेन सेतु के निर्माण कार्य। | 313/2025/1/1128954/23.06.2025-ई-1833396 दिनांक 31.10.2025 -दिनांक-**31-10-2025** | 8784.65<br>8784.65<br>0.00<br>8784.65 | 3956.46 | 4828.19 | 1727.70 | 465.09 | 2192.79 |
| 6 | तदैव | सेतु निगम बांदा | जनपद बांदा में तहसील पैलानी के अन्तर्गत पैलानी गलौली मार्ग से सिंघन कलां लसड़ा मार्ग पर तुर्री नाला पर दीर्घ सेतु, पहुॅच मार्ग एवं सुरक्षात्म कार्य। | 122/2025/845/23-6099/52/2025-दिनांक-**23-03-2025** | 1584.97<br>1584.97<br>0.00<br>1584.97 | 792.49 | 792.48 | 561.95 | 151.28 | 713.23 |
| 7 | तदैव | नि.ख.-1 चित्रकूट | जनपद चित्रकूट में मऊ सराय-अकिल मार्ग पर महिलाघाट में यमुना नदी पर सेतु निर्माण। | 21/2024/2007/23-10/7/2024 Date -29-11-2024 -दिनांक-12-10-2020 | 14421.20<br>14421.20<br>99.08<br>14322.12 | 13606.01 | 716.11 | 564.22 | 151.89 | 716.11 |
| कुल योग | | | | | | | | 2962.23 | 797.43 | 3759.66 |

<u>नियम व शर्तें/प्रतिबन्धों</u>

(1) उक्त धनराशि केवल अंकित परियोजना पर ही मानक व विशिष्टियों के अनुरूप व्यय की जायेगी तथा इसका उपयोग अन्य किसी प्रयोजन के लिए नहीं किया जायेगा।

(2) राज्य योजनान्तर्गत निर्माणाधीन सेतु की गुणवत्ता एवं निर्माण की प्रगति की नियमित समीक्षा कर निर्धारित समयान्तर्गत पूर्ण किया जाय तथा समीक्षा रिपोर्ट नियमित रूप से उपलब्ध करायी जाय।

(3) उक्त सेतु के अंश, लोक निर्माण अंश में अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष पृथक-पृथक वित्तीय प्रगति सहित वास्तविक भौतिक प्रगति तथा उपयोगिता प्रमाण-पत्र एवं उनके स्थलीय फोटोग्राफ शासन को उपलब्ध कराया जाय।

(4) वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-4/2026/बी-1-812/दस-2026-231/2026, दिनांक 28.03.2026 में दिये गये दिशा निर्देशों का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(5) उक्त तालिका अंकित मूल स्वीकृति के शासनादेशों में उल्लिखित शर्तें व प्रतिबंध आदि यथावत लागू रहेंगी।

(6) लोक निर्माण विभाग में वर्तमान में प्रचलित व्यवस्थानुसार बजट का ऑनलाईन आवंटन किये जाने हेतु डी.डी.ओ. कोड आवंटन विषयक वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश सं0-10/2022/बी-1-345/दस-2022, दिनांक 04.05.2022 निर्गत किया गया है। अत: अब समस्त धनराशि का आहरण-वितरण सम्बन्धी कार्य, आहरण-वितरण अधिकारी द्वारा वित्तीय हस्तपुस्तिका भाग-6 में निहित प्राविधानों एवं सम्बन्धित वित्तीय नियमों/शासनादेशों व उक्त शासनादेश दिनांक 04.05.2022 में निहित व्यवस्था के अधीन किया जायेगा।

(7) यदि उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव व सूचनाओं में कोई विसंगति/त्रुटि पायी जाती है, तो इसके लिए मुख्यालय/निगम/क्षेत्र के संबंधित अधिकारी पूर्णरूपेण उत्तरदायी होंगे। इसके अतिरिक्त मुख्यालय/निगम/क्षेत्र के संबंधित अधिकारियों द्वारा यदि किसी प्रस्ताव में कोई गलत सूचना देकर या छिपाकर अधिक धनराशि

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

शासन से अवमुक्त करा ली जाती है अथवा व्यपगत धनराशि को चालू कार्य के रूप में स्वीकृत करा लिया जाता है, तो उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही के साथ ही यथापेक्षित धनराशि की वसूली भी सुनिश्चित की जायेगी।

(8) चालू कार्य की अवशेष धनराशि इस शर्त के अधीन है कि यह सुनिश्चित कर लिया जायेगा कि अवमुक्त की जा रही धनराशि पूर्व में अवमुक्त नहीं हुई है। यदि कोई विसंगति/द्विरावृत्ति पायी जाती है तो शासन को तत्काल सूचित किया जायेगा। **वर्तमान आबंटन के आधार पर लागत में सम्मिलित अनुरक्षण की धनराशि को व्यय नहीं किया जायेगा।**

2- इस संबंध में होने वाला व्यय ( 1 ) रुपये 29,62,23,000 ( रुपये उनतीस करोड़ बासठ लाख तेईस हजार मात्र ) को चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 057 लेखा शीर्षक 5054041010421 कृषि विपणन सुविधा हेतु ग्रामीण सेतु निर्माण कार्य (चालू योजना) मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य ( 2 ) रुपये 7,97,43,000 ( रुपये सात करोड़ सत्तानबे लाख तैंतालीस हजार मात्र ) को चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 083 लेखा शीर्षक 5054047891400 कृषि विपरण सुविधाओं हेतु ग्रामीण सेतुओं का निर्माण (चालू कार्य) मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-4/2026/बी-1-812/दस-2026-231/2026, दिनांक 28.03.2026 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(सुबास राम)
संयुक्त सचिव।

<u>संख्या एवं दिनांक तदैव</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

(1) महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज ।
(2) महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज ।
(3) संबंधित मण्डलायुक्त/संबंधित जिलाधिकारी ।
(4) संबंधित मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग ।
(5) वित्त नियन्त्रक, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
(6) प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राज्य सेतु निगम लिमिटेड, लखनऊ।
(7) संबंधित कोषाधिकारी।
(8) वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-8।
(9) राज्य योजना आयोग अनुभाग-1/2 ।
(10) नोडल अधिकारी, बजट अलाटमेंट, लोक निर्माण विभाग ।
(11) गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(सुबास राम)
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।